दिन– रविवार दिनांक– 07 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नवादा में भाजपा उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव बगहा में करेंगे चुनाव प्रचार।

02. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज प्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर। आईआईएम बोधगया के दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल।

03. एनआईए ने भाकपा माओवादी के कैमूर समेत देशभर के ग्यारह ठिकानों पर की छापेमारी। कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान– पटना, गया, जहानाबाद और नालांदा समेत राज्य के पन्द्रह जिलों में आज हो सकती है हल्की बारिश।

————————————————————————

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। सभी प्रमुख दलों के नेता जनसभाएं और रोड शो कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नवादा के कुंतीनगर मैदान में एनडीए के प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। नवादा से भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर चुनाव लड़ रहे हैं। जनसभा को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ एनडीए के अन्य घटक दलों के नेता भी संबोधित करेंगे। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में फिर से एनडीए की सरकार बनने का भरोसा जताया है। राजस्थान के पुष्कर में एक जनसभा में श्री मोदी ने कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़े फैसले लिये जायेंगे।

———बाईट———

हमें 2047 तक भारत को विकसित बनाना है। हमें भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाना है। हमें हर प्रकार से भारत को आत्मनिर्भर बनाना है। मेरी सरकार का तीसरा कार्यकाल बहुत दूर नहीं है। पहले 100 दिन में भ्रष्टाचार के खिलाफ बीजेपी सरकार और भी बड़े फैसले लेने जा रही है। मैं तैयारी करके बैठा हूं सारी तैयारी शुरू कर दी है। और इसलिए मैं कहता हूं 10 साल में जो कार्रवाई देखी वो तो ट्रेलर है, अभी तो बहुत कुछ होना बाकी है।

————————————————————————

राजद नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव आज पश्चिम चम्पारण में बगहा के नारायणपुर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी भी मौजूद रहेंगे। इधर, जदयू के वरिष्ठ नेता और

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नौ अप्रैल को गया में हम के उम्मीदवार जीतन राम मांझी और ग्याहर अप्रैल को औरंगाबाद में भाजपा प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के समर्थन में रोड शो और सभा करेंगे। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह नौ अप्रैल को औरंगाबाद में भाजपा उम्मीदवार सुशील कुमार सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे।

———————————————————————————

रालोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने कहा है कि एनडीए बिहार की सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगा। उन्होंने पटना में कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि पार्टी एनडीए के पक्ष में प्रचार अभियान चलायेगी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मंत्री हरी सहनी ने कहा है कि वीआईपी के अध्यक्ष मुकेश सहनी के महागठबंधन में जाने से एनडीए पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जनता जातिवाद पर नहीं, बल्कि विकासवाद और राष्ट्रवाद के नाम पर वोट देगी। वहीं, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा है कि जातीय जनगणना और आरक्षण की सीमा बढ़ाकर महागठबंधन सरकार ने ऐतिहासिक काम किया है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है।

———————————————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। इस अंक में आप सुनेंगे सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जारी रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस लोकसभा क्षेत्र में पांचवे चरण के तहत बीस मई को मतदान होगा। जिला प्रशासन ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए तैयारियां तेज कर दी है। शत प्रतिशत मतदान, सीतामढ़ी का अभियान नारों के थीम के साथ स्वीप कोषांग के तहत मतदाताओं को मतदान के महत्व को बताते हुए जागरूक किया जा रहा है। भोजपुरी सिनेमा के अभिनेता अवधेश मिश्रा को स्वीप कोषांग का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी रिची पांडेय ने बताया कि जिला प्रशासन मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर संकल्पित है। जिले में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से अधिक हो, इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

———बाईट–जिला निर्वाचन पदाधिकारी———

वहीं, पहली बार मतदाता बने युवा भी मतदान करने को लेकर काफी उत्साहित हैं।

———बाईट– युवा मतदाता———

सीतामढ़ी जिले की सीमा पड़ोसी देश नेपाल से जुड़ी हुई है। इसे लेकर सीमा पर चौकसी भी बढ़ा दी गई है। इंडो नेपाल सीमा पर आने जाने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

आकाशवाणी समाचार के लिए सीतामढ़ी से राजेश कुमार।

———————————————————————————

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के कुल नौ मामले दर्ज किये गये। वहीं, छह लाख रूपये से अधिक नकद जब्त किये गये। साथ ही पच्चीस हजार लीटर से अधिक शराब और एक सौ चौवन किलो मादक पदार्थ भी जब्त किये गये। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार तृतीय चरण से संबंधित कुल सात जिलों में ईवीएम और वीवी पैट का प्रथम रैण्डमाईजेशन का कार्य पूरा हो गया है। यह कार्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया है।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि आठ अप्रैल है। दूसरे चरण की पांच सीटों कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर, बांका और किशनगंज लोकसभा क्षेत्र के लिए पचपन प्रत्याशियों के पर्चे वैध पाये गये। इकतीस नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये थे। दूसरे चरण का मतदान छब्बीस अप्रैल को होगा।

———————————————————————

जनता दल यूनाईटेड के पूर्व विधायक अजय प्रताप राजद में शामिल हो गये हैं। अजय प्रताप ने जमुई में आयोजित राजद की सभा के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

———————————————————————

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज एक दिवसीय दौरे पर गया आ रहे हैं। वे आईआईएम, बोधगया के छठे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। श्री धनखड़ अपनी यात्रा के दौरान महाबोधि मंदिर में पूजा—अर्चना भी करेंगे।

———————————————————————

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण, एनआईए ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी के देश विरोधी षडयंत्र मामले में बिहार और उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए बिहार के कैमूर जिले में एक स्थान और उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में ग्यारह स्थानों पर आरोपियों और संदिग्ध व्यक्तियों के परिसरों की तलाशी ली। इस दौरान एजेंसी ने कई डिजिटल उपकरणों के साथ—साथ आपत्तिजनक दस्तावेज भी जब्त किए। एनआईए के अनुसार ये सभी ठिकाने माओवादी संगठनों से जुड़े या इनके लिए काम करने वाले गिरोहों के हैं तथा राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं।

———————————————————————

मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज पटना समेत राज्य के पन्द्रह जिलों में हल्की बारिश की सम्भावना है। तमिलनाडु से छत्तीसगढ़ तक कम दवाब का एक क्षेत्र बन जाने से बिहार के मौसम में बदलाव आया है। आज पटना,

गया, जहानाबाद, नालंदा समेत पन्द्रह जिलों में हल्की बारिश की सम्भावना है, जबकि कल किशनगंज, सुपौल और अररिया समेत सात जिलों में कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है। इधर, पटना समेत राज्यभर में उत्तरी पछुआ हवा चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं, अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गयी। कल शेखुपरा इकतालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। औरंगाबाद का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव पांच, नवादा में चालीस दशमलव पांच, बांका में चालीस दशमलव तीन तथा पटना में अधिकतम तापमान अड़तीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कमल सिंह गुप्ता ने बताया है कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है।

———बाईट———

———————————————————————————

भारतीय खाद्य निगम, एफसीआई के क्रय केंद्रों पर रबी विपणन मौसम में गेहूं की खरीद की जा रही है। एफसीआई के कार्यकारी निदेशक डॉक्टर अजीत सिन्हा ने नालंदा ज़िले में गेहूं ख़रीद की शुरुआत की। श्री सिन्हा ने बताया कि प्रदेश के दस जिलों में क्रय केंद्रों पर खरीद हो रही है। उन्होंने कहा कि अबतक राज्य में दो हजार दो सौ पचहत्तर रूपये प्रति क्विंटल की दर से एक हजार पांच सौ साठ क्विंटल से अधिक गेंहू की खरीद हो चुकी है। श्री सिन्हा ने कहा कि गेहूँ खरीद पन्द्रह जून तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि गेहूँ खरीद के अड़तालीस घंटे के अन्दर किसानों के बैंक खातों में राशि का भुगतान किया जा रहा है।

———————————————————————————

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय ने राज्य स्तरीय दो वर्षीय बीएड और शिक्षा शास्त्री पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन और परीक्षा को स्थगित कर दिया है। बीएड के राज्य नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर अशोक कुमार मेहता ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से पूर्व में निर्धारित ऑनलाइन आवेदन और परीक्षा की तिथि स्थगित की गयी है। नई तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी। गौरतलब है कि बीएड में नामांकन के लिए नौ अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जबकि परीक्षा की तिथि तीस मई निर्धारित थी।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक और इंटर की विशेष तथा कम्पार्टमेंटल परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। मैट्रिक परीक्षा का आयोजन चार मई से ग्यारह मई के बीच किया जायेगा। वहीं, इंटर कम्पार्टमेंटल और विशेष परीक्षा उनतीस अप्रैल से

ग्यारह मई तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि परीक्षा का परिणाम इकतीस मई तक जारी कर दिया जायेगा।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गाजियाबाद की चुनावी रैली में दिये बयान का शीर्षक लगाया है– उन्हें कमीशन का लालच, हमें मिशन प्यारा।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– बंगाल में ईडी अफसरों के बाद अब एनआईए टीम पर हमला।

दैनिक भास्कर ने चुनावी बॉन्ड से जुड़ी खबर को तरजीह देते हुये लिखा है– चुनावी बॉन्ड अब नये अवतार में लाने की तैयारी में सरकार, समिति बनेगी।

प्रभात खबर ने स्वास्थ्य विभाग के निर्णय को प्रमुखता देते हुये लिखा है– मेडिकल कॉलेजों में इसी सत्र से हिन्दी में होगी पढ़ाई। आज अखबार की सुर्खी है– एक लाख सत्तासी हजार छह सौ पन्द्रह नियोजित शिक्षक बनेंगे राज्यकर्मी। राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है–सूबे के छह जिलों में कालाजार निरोधी दवा का छिड़काव शुरू।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नवादा में भाजपा उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव बगहा में करेंगे चुनाव प्रचार।

02. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज प्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर। आईआईएम बोधगया के दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल।

03. एनआईए ने भाकपा माओवादी के कैमूर समेत देशभर के ग्यारह ठिकानों पर की छापेमारी। कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान– पटना, गया, जहानाबाद और नालांदा समेत राज्य के पन्द्रह जिलों में आज हो सकती है हल्की बारिश।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।